
तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, बुधवार 15 जुलाई 2026

12 डौण्डी मंडल भाजपा की बैठक में संगठन विस्तार व ...

11 'मोर गांव-मोर पानी' अभियान से बालोद में...




हरिभूमि
सुनहरा मौका
सुनिश्चित उपहार 2026
मास्टर कूपन
15 जुलाई 2026
कूपन नं.
3

# डौंडीलोहारा स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

भारत निर्वाचन आयोग के मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डौंडी लोहारा में गुरुवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत रैली, चित्रकला, निबंध, भाषण एवं अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के नोडल अधिकारी एवं व्याख्याता प्रदीप कुमार मेश्राम के मार्गदर्शन में हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकालकर की गई। इसके बाद आयोजित मंचीय कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों को मतदान के अधिकार, कर्तव्यों और लोकतांत्रिक प्रक्रिया की जानकारी देना था। मुख्य वक्ता प्रदीप कुमार मेश्राम ने मतदाता के अधिकार एवं दायित्व, नामांकन प्रक्रिया तथा मतदान की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी देते हुए भ्रामक प्रचार से बचने और योग्य प्रत्याशी के पक्ष में मतदान करने का संदेश दिया। इस अवसर पर व्याख्याता डी.आर. साहू, एस. वैदे, सुश्री एनुका सार्वा एवं आर.एन. योगी ने भी विद्यार्थियों को निष्पक्ष, निर्भीक एवं जागरूक होकर मतदान करने तथा समाज में मतदान के प्रति जागरूकता फैलाने का आह्वान किया।

### मतदाता जागरूकता कार्यक्रम, चित्रकला-निबंध व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित




**ये रहे मौजूद** कार्यक्रम में व्याख्याता रीना मंडल, पुष्पा कर्टेंद्र, लवण कुमार साहू, हेमपुष्पा नाइक, भूपेंद्र कुमार पटेल, वीरेंद्र नायक, डामन देशमुख सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता रही।

### 1.91 लाख सीड बॉल रोपण की सफलता पर अधिकारियों को दी बधाई

# बालोद में वृहद पौधारोपण अभियान की तैयारियां तेज कलेक्टर ने सभी विभागों को दिए आवश्यक निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ खाद-बीज, एग्रीस्टेक पंजीयन और सर्वाइकल कैंसर टीकाकरण की भी समीक्षा

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के सभी विभाग एवं कार्यालय प्रमुखों को बालोद जिले में वृहद पौधारोपण अभियान को सफल बनाने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत समाज के सभी वर्गोर् की सहभागिता से अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन के कार्य में जिले वासियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित कराए।




बैठक में कलेक्टर मिश्रा ने जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे मिशन अंकुर अभियान के तहत जिले में 13 जुलाई को एक ही दिन में 01 लाख 91 हजार सीड बॉल के रोपण के कार्य को सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि जिले में यह महत्वपूर्ण कार्य समाज के सभी वर्गोर् के साथ जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सक्रिय सहभागिता के फलस्वरूप संपन्न हुआ है। मिश्रा ने जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों के अलावा अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को पिछले वर्ष वृहद वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत रोपे गए पौधों की पूरी जानकारी देने के भी निर्देश दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने पौधों की सर्वाइवल रिपोर्ट एवं अन्य सभी जानकारियां प्रस्तुत करने को कहा। उन्होंने इस वर्ष वृहद पौधारोपण अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पौधों के रोपण हेतु आवश्यक स्थानों की जानकारी देने को कहा। इसके अलावा उन्होंने विकासखण्डवार पौध रोपण की भी अनिवार्य रूप से जानकारी देने के निर्देश दिए हैं। बैठक में मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों के सुबह 10 बजे बायोमेट्रिक उपस्थिति की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सुबह 10 बजे अनिवार्य रूप से अपने कार्य स्थल पर पहुंच कर अपना बायोमेट्रिक उपस्थिति सुनिश्चित कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व एवं वन विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से किए जाने वाले वन भूमि के सर्वेक्षण कार्य को निर्धारित समयावधि में पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी से सुघ्घर छत्तीसगढ़ अभियान के कार्य योजना के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले में इस अभियान को सफलतापूर्वक संपन्न करने बेहतर कार्य योजना बनाने के निर्देश दिए।

बैठक में मिश्रा ने कृषि, सहकारिता एवं अन्य संबंधित विभाग के अधिकारियों को जिले में खाद, बीज की समुचित उपलब्धता के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जिले के किसानों को किसी भी स्थिति में खाद, बीज की प्रबंध करने कोई कठिनाई नही होनी चाहिए। इसके अलावा उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल में किसान पंजीयन के कार्य को विशेष प्राथमिकता के साथ पूरा करते हुए निर्धारित समयावधि में जिले के शत प्रतिशत कृषकों का एग्रीस्टेक पोर्टल में अनिवार्य रूप से पंजीयन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने राजस्व प्रकरणों के निराकरण निर्धारित समयावधि में सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्रीमती मिश्रा ने सर्वाइकल कैंसर से बचाव सुनिश्चित करने हेतु 14 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर के बचाव हेतु टीकाकरण के कार्य की समीक्षा की। उन्होंने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा जिला शिक्षा अधिकारी को इस कार्य हेतु शाला प्रवेश उत्सव के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम की तैनातगी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। इसके लिए उन्होंने पालक समिति बैठक आयोजित कर बच्चों के पालकों एवं अभिभावकों को इसके संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान करने के निर्देश दिए।

## मंगचुवा शराब भट्ठी के पास युवक का शव मिला, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



वनांचल के मंगचुवा थाना क्षेत्र में मंगलवार सुबह मंगचुवा शराब भट्ठी के पास एक 34 वर्षीय युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान बिसेलाल भुआर्य (34) निवासी ग्राम भीमपुरी के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार, शराब भट्ठी के गार्ड ने शव पड़े होने की सूचना मंगचुवा पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों के पहुंचने के बाद पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, मौत के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। फिलहाल मंगचुवा पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## युवक से मारपीट, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

उधारी में पानी पाउच व डिस्पोजल देने से मना करने पर तीन लोगों ने युवक की पिटाई कर दी। जिसके बाद युवक ने मारपीट करने वाले तीन लोगो के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गुण्डरदेही निवासी अमन गुप्ता ने पुलिस को बताया कि शासकीय देशी एवं अंग्रेजी शराब दुकान ग्राम करहीभदर के परिसर में बने हमारे आहता (चखना) दुकान में काम करते समय करहीभदर निवासी मुकेश सेन डिस्पोजल, पानी पाउच खरीदने आये थे, जिनके द्वारा डिस्पोजल, पानी पाउच का रूपया नही देने पर उधारी में देने से मैने मना किया तभी दुकान के पास मुकेश सेन बैठकर अपने साथी करहीभदर निवासी धनंजय साहू, प्रदीप को फोन लगाकर अपने पास बुलाये, धनंजय साहू एवं प्रदीप दोनो मेरे दुकान में आकर विवाद करते हुए गाली गलौच करने की झूठी बाते कह तीनो गाली गलौच करते हुए जान से मारने की धमकी देकर पास में चुल्हा जलाने के लिये रखे लकडी के मोटा डंडा से धनंजय साहू से मेरे दोनो हाथ, चेहरा, बाये पैर के जांघ में मारपीट किये एवं मुकेश सेन, प्रदीप सतनामी ने भी हाथ मुक्का से मारपीट किये है। तभी मेरे साथ काम करने वाले जितेन्द्र सोरी, राजू कुमार ने मिलकर मुझे बचाये है। मारपीट से मेरे दोनो हाथ, चेहरा, बाये पैर के जांघ में चोट लगा है।

## खबर संक्षेप

### टेकवाडीह-बोहरडीह मार्ग निर्माण जल्द होगा शुरू

**बालोद।** लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता ने बताया वर्ष 2024-25 लोक निर्माण विभाग के बजट मद में शामिल बालोद जिले के ठेकवाडीह से बोहरडीह मार्ग लंबाई 1.30 किमी पुल-पुलिया सहित का निर्माण कार्य वर्तमान में निविदा स्तर पर है। उन्होंने बताया कि प्रथम आमंत्रण से तृतीय आमंत्रण तक कोई अनुबंधक भाग नहीं लिये जाने के कारण चौथा निविदा आमंत्रण की कार्यवाही की गई है, जिसमें सिंगल निविदा प्राप्त होने के कारण तकनीकी मूल्यांकन प्रक्रियाधीन है। शीघ्र ही उच्च कार्यालय द्वारा निविदा की कार्यवाही पूर्ण होने के पश्चात अनुबंध कर कार्यादेश जारी किया जाएगा।

### कल निकलेगी भगवान श्री जगन्नाथ की शोभायात्रा

**गुरूर।** श्री हनुमान मंदिर समिति बाजार चौक गुरूर द्वारा भगवान श्री जगन्नाथ की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 16 जुलाई को किया गया है। जिसमे शोभायात्रा दोपहर 3 बजे से श्री हनुमान मंदिर बाजार चौक गुरूर से नगर का भ्रमण करने के लिए निकलेगी। इस धार्मिक आयोजन को लेकर श्रद्धालुओं और स्थानीय धर्मप्रेमियों में बहुत ही उत्साह देखा जा रहा है। जिसमे सुबह 10 बजे भगवान श्री जगन्नाथ जी का अभिशेक किया जाएगा एवं 3 बजे शोभा यात्र का शुभारंभ होगा तथा शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन मंदिर परिसर में किया जाएगा, जिसके बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का भी वितरण होगा।

### हिड़मा विवाद पर भाजपा का कांग्रेस पर हमला

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर ने कांग्रेस पर नक्सलवाद को लेकर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि दुर्दांत नक्सली हिड़मा के समर्थन में दिए गए कथित बयानों से कांग्रेस की विचारधारा उजागर होती है।



उन्होंने कहा कि इस तरह के बयान न केवल आपत्तिजनक हैं, बल्कि नक्सलवाद के प्रति कांग्रेस के रवैये पर भी गंभीर सवाल खड़े करते हैं।देवलाल ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस के दिवंगत नेताओं नंदकुमार पटेल ▶▶| शेष पेज 11

## एक्टिवा और मोटर साइकिल की भिड़ंत में नगर के व्यवसायी कोमलचंद जैन की मौके पर मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

डोंडी नगर में मंगलवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी कोमलचंद जैन (57 वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। यह हादसा बेलरगोंदी-डोंडी मार्ग पर हुआ, जिससे पूरे नगर में शोक की लहर दौड़ गई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, कोमलचंद जैन अपने स्टाफ को छोड़ने के लिए एक्टिवा से बेलरगोंदी की ओर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही एक मोटरसाइकिल, जिसे रवि दीक्षित चला रहे थे, से उनकी आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार टक्कर इतनी भीषण थी कि कोमलचंद जैन ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई शुरू की तथा दुर्घटना के कारणों की जांच प्रारंभ कर दी है। कोमलचंद जैन के आकस्मिक निधन की खबर से डोंडी नगर के व्यापारिक एवं सामाजिक क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। बड़ी संख्या में लोगों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की है।

## बड़गांव में विकासखंड स्तरीय आईसीटी एवं स्मार्ट क्लासरूम प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ 300 से अधिक शिक्षकों ने डिजिटल शिक्षण तकनीकों का लिया प्रशिक्षण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया गया जोर

राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर एवं जिला परियोजना कार्यालय बालोद के निर्देशानुसार शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव में विकासखंड स्तरीय आईसीटी एवं स्मार्ट क्लासरूम प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक तकनीक आधारित शिक्षण पद्धति से जोड़ते हुए कक्षा शिक्षण को अधिक प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण बनाना था। प्रशिक्षण 6 जुलाई से 14 जुलाई 2026 तक 40-40 शिक्षकों के बैच में आयोजित किया गया। इसमें विकासखंड के 300 से अधिक शिक्षकों ने भाग लेकर आईसीटी लैब एवं स्मार्ट क्लासरूम के संचालन, प्रोजेक्टर और लैपटॉप के उपयोग तथा डिजिटल शिक्षण की विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त की। प्रशिक्षण राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप तकनीक आधारित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर प्यारेलाल सिन्हा, युगेंद्र रात्रे, रजिंदर भुआर्य एवं रूपेंद्र ने शिक्षकों को सरल एवं व्यावहारिक तरीके से प्रशिक्षण प्रदान किया। संस्था प्रमुख जितेंद्र कुमार उइके ने शिक्षकों से स्मार्ट क्लासरूम एवं आईसीटी लैब का नियमित उपयोग कर विद्यार्थियों के सीखने की प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने का आह्वान किया। विद्यालय की आईसीटी लैब प्रभारी व्याख्याता कादम्बिनी यादव ने प्रशिक्षण के सफल आयोजन पर सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि शिक्षक अपने कक्षा शिक्षण में आधुनिक तकनीकों का प्रभावी उपयोग कर विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा प्रदान करेंगे।




### ग्रामीणों ने पुलिस गश्त बढ़ाने और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की

# जगन्नाथपुर में नशेड़ियों का बढ़ता आतंक, सार्वजनिक शौचालय में की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

कई सालो से नशे के खिलाफ लगातार आवाज उठाने तथा स्थानीय स्तर पर कई प्रयास करने के बाद भी असामाजिक तत्वो व नशेड़ियो का उत्पात कम होने के जगह लगातार बढ़ते जा रहा है। जहां एक बार फिर नशेड़ियो ने सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाया है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम जगन्नाथपुर में ग्रामीणो द्वारा स्थानीय स्तर पर शराबियों और नशेड़ियों के खिलाफ कार्यवाही तथा ग्राम में नशा पूर्णतः प्रतिबंध को लेकर कार्य किया था, लेकिन वर्तमान में एक बार फिर ग्राम में शराबियों और नशेड़ियों व असामाजिक तत्वो का बोल बाला बढ़ते जा रहा है, अब वे सार्वजनिक संपत्तियो को नुकसान पहुंचाने पर उतर आए है। मिली जानकारी के अनुसार गांव के सार्वजनिक सुलभ कॉम्प्लेक्स और उसके आसपास का क्षेत्र देर शाम से लेकर रात तक शराबियों और नशेड़ियों का अड्डा बनता जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां खुलेआम शराब पी जाती है और कई युवा गांजे का सेवन करते हुए दिखाई देते हैं, जिससे क्षेत्र का माहौल लगातार खराब हो रहा है।

ग्रामीणो ने बताया असामाजिक तत्वों ने ग्राम में स्थित सार्वजनिक के भीतर लगे बिजली के तार जला दिए तथा प्रसाधन कक्ष के कई दरवाजे तोड़ दिए। इससे प्रसाधन कक्ष तथा शौचालय कक्ष में आने जाने के लिए तथा दैनिक उपयोग में आम नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणो ने चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि गांव के कुछ युवा, जिन्होंने पढ़ाई बीच में छोड़ दी है, वे शराब और गांजे की लत में पड़ते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में नियमित निगरानी नहीं होने के कारण असामाजिक तत्व बेखौफ होकर अपनी गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं। देर रात तक यहां लोगों का जमावड़ा लगा रहता है, जिससे आसपास रहने वाले परिवार परेशान हैं। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों में कई संदिग्ध गतिविधियां और असामाजिक तत्वों की हरकतें रोजाना कैद हो रही हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि पुलिस और संबंधित प्रशासन इन फुटेज की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करे।

ग्रामीणों ने मांग की है कि नियमित पुलिस गश्त शुरू की ▶▶| शेष पेज 11 पर

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A.* (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस, ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बालोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### निगम आयुक्त सुमित रिलीव, मोहेंद्र कुमार को सौंपा प्रभार

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा जारी आदेश के तहत नगर पालिक निगम दुर्ग के आयुक्त सुमित अग्रवाल का स्थानांतरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी, छत्तीसगढ़ राज्य शहरी विकास अभिकरण के पद पर किया गया है। सुमित अग्रवाल को नवीन पदस्थापना दी गई है। आदेश के परिपालन में सुमित अग्रवाल द्वारा नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त पद का समस्त प्रभार मोहेंद्र कुमार साहू को विधिवत सौंपा गया। इसके पश्चात श्री अग्रवाल अपने नवीन दायित्व के लिए निगम से भारमुक्त हुए। इस अवसर पर निगम अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सुमित अग्रवाल को नवीन दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं तथा उनके कार्यकाल में निगम क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं के लिए आभार व्यक्त किया गया।

### कार्य के दौरान अनियमितता की शिकायत

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा से जुड़े कार्यों में अनियमितता की शिकायत छत्तीसगढ़ शासन के मुख्य सचिव से की गई है। शिकायत तमेर पारा दुर्ग निवासी ओम ताम्रकार ने की है। उन्होंने शिकायत में कहा है कि भिलाई-चरोदा निगम में कार्यों के दौरान कमीशन की मांग की जाती है। नहीं देने पर कमियां बताकर काम से बाहर कर दिया जाता है। पिछले लंबे समय से यह खेल चल रहा है। इतना ही नहीं बिल क्लीयर कराने के एवज में भी पैसों की डिमांड की जाती है। उन्होंने इस मामले को लेकर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

### प्रसिद्ध कथाकार अमरकांत की कहानियां अपनी जड़ों से जुड़ी हुई

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई-दुर्ग और छत्तीसगढ़ हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्वावधान में अमरकांत जन्म शताब्दी स्मरण के कथाकार अमरकांत के साहित्यिक अवदान पर विचार गोष्ठी का आयोजन साहित्य परिसर सेक्टर 10 में किया गया। अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू ने की । मुख्य वक्ता प्रो.,जयप्रकाश सहित ट्विनसिटी दुर्ग के साहित्यकार उपस्थित थे। प्रो. जयप्रकाश ने कहा कि अमरकांत की कहानियां अपनी जड़ों से जुड़ी कहानियां हैं ।प्रगतिशील कहानियां कैसी होनी चाहिए इसका मॉडल कथाकार ने अपनी कहानियों द्वारा प्रस्तुत किया। उनकी कहानी जिंदगी में कभी हार नहीं मानने की दृष्टि देती है। जिंदगी और जोंक अमरकांत की अद्भुत कहानी है सरलता और साधारणता उनकी कहानी की ताकत है। कथाकार लोकबाबू ने कहा अमरकांत जैसे विश्वप्रसिद्ध लेखक हमारे लेखक संघ के लिए बड़ी उपलब्धि हैं कि उनका साथ हमें प्राप्त हुआ । यशपाल अमरकांत को हिंदी का गोर्की कहा करते थे । अमरकांत ऐसे कथाकार रहे जिनकी बहुत सारी कहानियां चर्चित हुई । छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के अध्यक्ष रवि श्रीवास्तव ने कहा इलाहाबाद के आयोजन में मुलाकात दौरान अमरकांत ने कहा था कि जिनके पास सोच है कलम है उन्हें एक कहानी जरूर लिखनी चाहिए चिट्ठी लेखन से भी कहानी लेखन की सीख मिलती है ।

# शिवनाथ नदी मुक्तिधाम का होगा कायाकल्प, शेड के साथ लगेंगे पेवल ब्लॉक

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

नगर पालिक निगम दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 स्थित शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार कार्य का आज महापौर अलका बाघमार ने भूमिपूजन किया। 26.23 लाख रुपए की लागत से होने वाले इस महत्वपूर्ण विकास कार्य के अवसर पर सभापति श्याम शर्मा, लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, एमआईसी सदस्य एवं वार्ड पार्षद मनीष साहू सहित जनप्रतिनिधि एवं वार्डवासी उपस्थित रहे।

शिवनाथ नदी मुक्तिधाम के जीर्णोद्धार कार्य के तहत नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न निर्माण एवं सौंदर्यीकरण कार्य किए जाएंगे। इसमें लकड़ी रखने के लिए शेड निर्माण, पेवर ब्लॉक बिछाने का कार्य, सड़क निर्माण, पुरानी परिसीमा दीवार का ध्वस्तीकरण, पुराने प्रवेश द्वार के समीप शौचालय ब्लॉक निर्माण एवं पुराने शवदाह शेड के पास कचरा संग्रहण टैंक का निर्माण शामिल है। इन कार्यों के पूर्ण होने से मुक्तिधाम की व्यवस्था बेहतर एवं सुविधाजनक होगी।

## महापौर अल्का बाघमार ने किया भूमिपूजन, 26.23 लाख रुपए की लागत से होंगे काम



### शहर के सभी मुक्तिधाम के रिनोवेशन की तैयारी

भूमिपूजन के दौरान महापौर अलका बाघमार ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहर के सभी वार्डों में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जा रहा है। मुक्तिधाम जैसे महत्वपूर्ण स्थलों का व्यवस्थित विकास आवश्यक है, ताकि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। उन्होंने कहा कि निगम क्षेत्र में लगातार विकास कार्यों की श्रृंखला जारी है और जनहित से जुड़े कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, काशीराम कोसरे, गुलाब वर्मा, मनीष साहू, रामचंद्र सेन, जितेंद्र महोविया, सुरूचि उमरे, रंजीता पाटिल, जिला भाजपा प्रवक्ता अरुण सिंह, मनमोहन सिंह, अनूप सोनी, चमेली साहू, तुलसी यादव, सहायक अभियंता संजय ठाकुर सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं निगम अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे

## प्रधानमंत्री फसल बीमा पोर्टल पर पंजीयन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक

# प्राकृतिक आपदा से फसल नुकसान की सूचना अब कृषि रक्षक पोर्टल पर भी दी जा सकेगी

## हेल्पलाइन नंबर 14447 पर भी दे सकते हैं सूचना

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के क्रियान्वयन और कृषकों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश जारी किया गया है। मौसम खरीफ वर्ष 2026 प्रारंभ हो चुका है। अल-नीनो के प्रभाव के कारण मौसम की असामान्य परिस्थितियां बनने की आशंका बनी हुई है। खरीफ फसलों को नुकसान पहुंच सकता है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना मौसम खरीफ 2026 हेतु ऐसे किसान जो अब तक फसल बीमा नहीं कराये है उनका पंजीयन राष्ट्रीय फसल बीमा पोर्टल पर करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई निर्धारित है। संभागीय संयुक्त संचालक कृषि द्वारा संभाग के समस्त जिलों के ऋणी, अऋणी किसानों को अधिक से अधिक संख्या में निकटस्थ सहकारी समितियों, बैंक, च्वाईस सेंटर के माध्यम से तत्काल संपर्क कर फसल बीमा कराने हेतु अपील की गई है, ताकि कोई भी पात्र केसीसी धारी कृषक बीमा आवरण से वंचित न हो।

संयुक्त संचालक कृषि ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान की त्वरित राहत और निराकरण के लिए भारत सरकार द्वारा संचालित कृषि रक्षक पोर्टल और हेल्पलाइन नंबर 14447 को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना और फसल नुकसान/बीमा से जुड़ी शिकायतों के निवारण के लिए भारत सरकार द्वारा शुरू की गई एक एकीकृत प्रणाली है। किसान इस पोर्टल पर ऑनलाइन, मोबाइल एप या हेल्पलाइन के जरिए अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।



### कृषि इनपुट की सुगम उपलब्धता से समृद्ध हो रहे कृषक

किसानों के आर्थिक संवर्धन और कृषि उत्पादकता के लिए खरीफ सीजन के दौरान कृषकों को आवश्यक कृषि आदान सामग्री उपलब्ध कराने के लिए धरातल पर व्यापक प्रबंध किए गए हैं। जिला प्रशासन दुर्ग की सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप ग्रामीण अंचलों में प्राथमिक साख सहकारी समितियों के माध्यम से उर्वरकों की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। कृषि विज्ञान के दृष्टिकोण से यूरिया और अन्य खाद फसलों की प्रारंभिक वानस्पतिक वृद्धि, क्लोरोफिल निर्माण और समुचित विकास के लिए सबसे महत्वपूर्ण घटक माने जाते हैं, जो फसल की उत्पादकता व गुणवत्ता निर्धारित करते हैं। दुर्ग विकासखंड के ग्राम जेवरा निवासी प्रगतिशील कृषक श्री कमलेश कुमार साहू ने बताया कि उन्हें सिरसा स्थित प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति से अपनी आवश्यकता के अनुरूप दो चरणों में यूरिया खाद एवं उन्नत बीज अत्यंत सुगमता से प्राप्त हो गए हैं। खेती-किसानी के इस संवेदनशील समय में कृषि आदानों की त्वरित उपलब्धता से खेतों में बुआई और पोषण प्रबंधन का कार्य बिना किसी मानसिक व आर्थिक तनाव के समय पर पूरा हो सका है। कृषक श्री साहू ने अपने पिछले अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि पूर्व में किसानों को खादों के लिए लंबी कतारों में खड़ा होना पड़ता था, जिससे समय नष्ट होता था और फसल भी प्रभावित होती थी। किंतु इस वर्ष प्रशासनिक व्यवस्था के कारण यूरिया और बीज बिना किसी परेशानी के सीधे किसानों तक सहजता से पहुंच रहे हैं। समयबद्ध तरीके से मुख्य पोषक तत्वों की आपूर्ति होने से फसलों के स्वास्थ्य में स्पष्ट सुधार देखा जा रहा है, जिससे आगामी समय में बंपर पैदावार की ठोस उम्मीद जगी है।

### किसानों की समस्याओं पर जारी की गई सलाह

कृषि रक्षक पोर्टल पर जाने और शिकायत दर्ज करने हेतु सबसे पहले प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पोर्टल पर जाएं फिर कृषि रक्षक पोर्टल ऑपशन प्रदर्शित होगा जिसे क्लिक करने पर फॉमर एप डाउनलोड का ऑप्शन में जाकर स्कैन कर क्रॉप इन्श्योरेन्स एप को डाउनलोड कर या सीधे प्ले स्टोर के माध्यम से भी क्रॉप इन्श्योरेन्स एप को डाउनलोड कर फसल हानि की विवरण इन्द्राज कर सकते है। इसके अलावा किसान भाई फसल नुकसान की त्वरित राहत और निराकरण के लिए टॉल-फ्री हेल्पलाइन नंबर (कृषि रक्षक हेल्पलाइन) 14447 पर कॉल करके या पीएमएफबीवाय वाट्सअप नं. 7065514447 पर भी जानकारी या शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत बीआईटी में भगवद् गीता पर ट्रेनिंग





हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स कार्यक्रम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप बीआईटी में भगवद् गीता पर आयोजित किया गया, जिसमें आशीष खंडेलवाल, उपाध्यक्ष गीता परिवार ने गीता के 18 अध्याय का संक्षिप्त विवरण प्रस्तुत किया।

■ गीता के 18 अध्याय का विवरण प्रस्तुति किया

गीता गोविंद साहू, राज्य प्रमुख गीता परिवार ने कृष्ण और अर्जुन के संवाद को वास्तविक जीवन की चुनौतियों से जोड़कर उसकी व्यावहारिक प्रासंगिकता स्पष्ट की। कार्यक्रम में आत्म-नियंत्रण, निर्णय लेने में स्पष्टता और धैर्य जैसी दैनिक चुनौतियों पर बल दिया गया तथा छात्रों के दृष्टिकोण से गीता को तनाव प्रबंधन, अध्ययन पर ध्यान केंद्रित करने और अनुशासन विकसित करने में सहायक बताया गया; यह व्यक्तिगत विकास हेतु आत्म-जागरूकता, भावनात्मक संतुलन और नैतिक जीवन को प्रोत्साहित करती है तथा सामाजिक लाभ के रूप में समाज में सद्भाव, सामूहिक जिम्मेदारी और मूल्य आधारित जीवन को बढ़ावा देती है।

यह कार्यक्रम आईपी मिश्रा सदस्य सचिव तथा डॉ. अनूप मिश्रा प्राचार्य के सक्षम मार्गदर्शन और नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के समन्वयक डॉ. एसपी शुक्ला थे, और इसके सफल संचालन में डॉ. सुनीता सोनी, डॉ. शीना शेखर, डॉ. शुभ्रता नागपाल तथा डॉ. नागेन्द्र त्रिपाठी का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# निकुम, अरसनारा व ननकट्ठी में सामुदायिक मध्यस्थता जागरुकता अभियान चलाया

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चयनित ग्रामों में सामुदायिक मध्यस्थता जागरूकता अभियान प्रारंभ कर दिया गया है। इसी क्रम में ग्राम निकुम, अरसनारा एवं ननकट्ठी में जागरूकता एवं संवाद बैठकों का आयोजन कर ग्रामीणों को सामुदायिक मध्यस्थता की उपयोगिता एवं उसके व्यावहारिक स्वरूप से अवगत कराया गया। इस अवसर पर स्थायी एवं निरंतर लोक अदालत की अध्यक्ष सुषमा लकड़ा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव उमेश कुमार भागवतकर तथा वरिष्ठ न्यायालय प्रबंधक द्वारा संबंधित ग्रामों का भ्रमण कर ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों, महिलाओं, युवाओं, पैरालीगल वालंटियर्स एवं ग्रामीण नागरिकों के साथ संवाद स्थापित किया गया।

बैठकों में ग्रामीणों को बताया गया कि सामुदायिक मध्यस्थता न्यायालयीन प्रक्रिया का विकल्प नहीं, बल्कि विवादों के प्रारंभिक स्तर पर सौहार्दपूर्ण समाधान का एक प्रभावी माध्यम है। पारिवारिक, पड़ोसी, भूमि, रास्ता, पानी, घरेलू तथा अन्य स्थानीय विवादों का समाधान यदि आपसी संवाद, सहमति एवं मध्यस्थता के माध्यम से समय रहते कर लिया जाए, तो न केवल न्यायालयों पर अनावश्यक वादभार कम होगा, बल्कि सामाजिक संबंधों में भी स्थायित्व एवं विश्वास बना रहेगा।

अधिकारियों ने जानकारी दी कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दुर्ग द्वारा जिले के घुघसीडीह, ननकट्ठी, अरसनारा, निकुम एवं कुथरेल सहित कुल 05 ग्रामों का चयन सामुदायिक मध्यस्थता कार्यक्रम के लिए किया गया है। इन ग्रामों में चरणबद्ध रूप से जनजागरूकता अभियान, प्रशिक्षण, संवाद सत्र एवं मध्यस्थता संबंधी गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है, जिससे स्थानीय स्तर पर विवादों के समाधान की सुदृढ़ एवं सहभागी व्यवस्था विकसित हो सके।

# फेफड़ों की जांच की मशीन स्पायरों का नहीं हो रहा संचालन, शिकायत



**दुर्ग।** जिला अस्पताल दुर्ग में फेफड़ों की जांच की मशीन स्पयरों का संचालन नहीं हो रहा है। इसे लेकर कलेक्टर से शिकायत की गई है। शिकायत में कहा गया है कि जिला चिकित्सालय 500 बेड का हॉस्पिटल हैं, जहां हर दिन 1 हजार से ज्यादा मरीजों का इलाज होता है।अन्य जिलों से भी रोग से पीड़ित और प्रभावित मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। ओपीडी के मेडिसिन विभाग में स्थापित फेफड़ों की जांच की मशीन स्पायरो मीटर स्थापित है, जिसका संचालन नहीं हो रहा है। इसके कारण फेफड़ों के रोगी इलाज से वंचित हो रहे हैं। उन्हें दूसरी संस्थान में जाना पड़ रहा है। साधारण परिस्थिति में यह अधिक खर्चिला और कठिनाई पूर्ण है। जिला चिकित्सालय के ब्लड बैंक में मापदंड के अनुसार रक्त की उपलब्धता नहीं है। रक्त की बहुत कमी हो रही है। शीघ्र किसी संगठन संस्था, समाज से ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित की अपील की गई। ज्ञापन सौंपने वालों में जीवन दीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर, मानद सदस्य प्रशांत डोंगांवकर शामिल थे।

# जनप्रतिनिधियों को मिला प्रशासनिक प्रशिक्षण, अधिकारों की दी गई जानकारी





**भिलाई।** संयुक्त संचालक, क्षेत्रीय कार्यालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास, दुर्ग संभाग द्वारा नगर पालिक निगम रिसाली के सभाकक्ष में नगर पंचायत घुमका, पलारी और सहसपुर लोहरा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जनप्रतिनिधियों को प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0, विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा नगरीय निकायों की कार्यप्रणाली, दायित्व और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन उप अभियंता रवि गुप्ता ने किया। संयुक्त संचालक कार्यालय में पदस्थ सामाजिक विकास विशेषज्ञ जीवन ताम्रकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के प्रावधानों और क्रियान्वयन की बारीकियों पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में संयुक्त संचालक जय प्रकाश साहू, सहायक संचालक भूपेश दीवान, अधीक्षण अभियंता सुनील दुबे, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम सहित विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## विश्व जनसंख्या दिवस पर संगोष्ठी, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिता

# बढ़ती जनसंख्या से निपटने जागरुकता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय में स्वास्थ्य विभाग द्वारा संगोष्ठी, पोस्टर, भाषण एवं ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रिया साहू तथा अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज दानी ने की। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी मातृत्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ. अर्चना चौहान एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजय सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़ती जनसंख्या से शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं संसाधनों पर पड़ने वाले प्रभाव विषय पर अपने विचार व्यक्त किए। पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से जनसंख्या संतुलन, स्वस्थ परिवार-सुरक्षित भविष्य तथा संसाधनों के संतुलित उपयोग का संदेश दिया गया।

■ साइंस कॉलेज में कार्यक्रम का आयोजन



### बढ़ती जनसंख्या देश के लिए सबसे बड़ी चुनौती

मुख्य अतिथि श्रीमती अलका बाघमार ने अपने संबोधन में कहा कि बढ़ती जनसंख्या की चुनौतियों से निपटने के लिए जनजागरूकता, शिक्षा और परिवार नियोजन को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों से समाज में जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। वहीं विशेष अतिथि सुश्री प्रिया साहू ने समाज में व्याप्त दुष्कर्म जैसी गंभीर समस्या पर विचार व्यक्त करते हुए सामाजिक जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया।

### विजेता प्रतिभागियों को किया गया सम्मानित

कार्यक्रम के अंत में पोस्टर, भाषण एवं ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मीना मान, शोभिका गजपाल, डॉ. अमरीश त्रिपाठी, तरुणा साहू, डॉ. सीमा पंजवानी सहित महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया। उन्हें भविष्य में हर परिस्थिति के लिए तैयार रहने की नसीहत भी दी गई।

### कमलेश बने दुर्ग सूत सारथी समाज के अध्यक्ष

**दुर्ग।** दुर्ग सूत सारथी समाज के अध्यक्ष कमलेश सारथी निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किए गए। प्रदेश अध्यक्ष शिव सारथी की अध्यक्षता में प्रक्रिया हुई। सचिव के लिए संतोष सारथी, जिला उपाध्यक्ष के लिए शिव सारथी, सूरज सारथी, कोषाध्यक्ष के लिए संतोष सारथी, महिला अध्यक्ष के लिए किरण सारथी घोषित की गईं। इसी प्रकार जिला युवा अध्यक्ष के लिए आकाश सारथी, जिला सचिव के लिए अभिषेक सारथी, कोषाध्यक्ष संजय सारथी, कार्यकारिणी सदस्य के लिए सूरज सारथी, नटवर सारथी ने सिंगल नामांकन भरे, जिसके कारण सभी को जिला निर्वाचन अधिकारी संध्या सारथी, दीपा बघेल, प्रमिला सारथी, मंजू सारथी ने उन्हें निर्विरोध पदाधिकारी घोषित किया। पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शिव सारथी ने समाज को संगठित होने का संदेश दिया।

# पंजीयन के लिए जिला रोजगार कार्यालय में खुला मॉय भारत पोर्टल का काउंटर

हरिभूमि न्यूज ⏭दुर्ग

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मेरा युवा भारत- माय भारत के अंतर्गत जिले के युवाओं को कौशल विकास, इंटर्नशिप, स्वयंसेवा और रोजगार के अवसरों से जोड़ने के लिए राष्ट्रीय मंच माय भारत पोर्टल पर पंजीयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।

■ 15 वर्ष से 29 वर्ष के युवाओं का होगा नि :शुल्क पंजीयन

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र, दुर्ग में आवेदकों की सुविधा के लिए एक विशेष पंजीयन काउंटर स्थापित किया गया है। इस काउंटर पर कार्यालय में आने वाले 15 वर्ष से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं का पोर्टल पर निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा। उपसंचालक (रोजगार) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, कौशल विकास, इंटर्नशिप और रोजगार के नए अवसरों की जानकारी प्राप्त करने के इच्छुक सभी पात्र आवेदक दुर्ग रोजगार कार्यालय में उपस्थित होकर अपना पंजीयन करा सकते हैं। युवाओं की सहायता और अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के सूचना पटल पर क्यूआर कोड सहित सभी आवश्यक विवरण चस्पा कर दिए गए हैं। जिला प्रशासन ने जिले के अधिक से अधिक युवाओं से इस राष्ट्रीय पोर्टल पर पंजीकृत होकर शासकीय योजनाओं और अवसरों का लाभ उठाने की अपील की है।

## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते सात जुआरी गिरफ्तार, सामान जब्त

**भिलाई।** दुर्ग पुलिस ने जुआ खेलते सात जुआरियों को गिरफ्तार किया है। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर गया नगर मुर्रा भट्ठा के पीछे दबिश दिया। जहां से गया नगर वार्ड नंबर 4 दुर्ग निवासी गजेन्द्र सिंह राजपुत, महेन्द्र साहू , घनश्याम देवांगन, पूनम भारती, भूषण पटेल, संजय साहू, लुकेश देवांगन को पकड़ा गया। जुआरियों के पास 52 पत्ती तास नगदी रकम 4570 रुपये जब्त किया गया। पुलिस ने जुआरियों को विधिवत गिरफ्तार कर मामला जमानती अपराध होने के कारण जमानतदार पेश करने पर जमानत एवं स्वयं के मुचलका पर रिहा किया गया।

### आधार नामांकन प्रशिक्षण आयोजित

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशन में आज लोक निर्माण विभाग के मीटिंग हॉल में जिला दुर्ग के आधार ऑपरेटरों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में दुर्ग जिले के 58 तथा खैरागढ़ जिले के 4 आधार ऑपरेटरों ने भाग लिया। प्रशिक्षण भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के असिस्टेंट मैनेजर मो. सौबान मोहिदीन द्वारा प्रदान किया गया।

### एनसीसी कैडेट्स ने पर्यावरण संरक्षण व नो प्लास्टिक का संदेश

**दुर्ग।** विश्व पेपर बैग डे पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। निदेशालय एनसीसी मध्यप्रदेश एवं छत्तीसगढ़, भोपाल एवं एनसीसी ग्रुप मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार प्रथम घुड़सवार रेजिमेंट एनसीसी अंजोरा के एनसीसी कैडेटों द्वारा पर्यावरण संरक्षण के दिशा में कार्य करते हुए हेतु नो प्लास्टिक एवं नो पॉलीथीन के थीम पर जन जागरुकता अभियान रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कैडेटों ने आमजनों को प्लास्टिक तथा पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प करवाए गए एवं हमारे द्वारा उपयोग में लाकर फेंके गए।

## पेज 9 के शेष

### जगन्नाथपुर में ...

जाए। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। क्षतिग्रस्त सार्वजनिक शौचालय की तत्काल मरम्मत कराई जाए। नशे के कारोबार और खुलेआम शराबखोरी पर प्रभावी रोक लगाई जाए। युवाओं को नशे से बचाने के लिए जागरूकता और नशामुक्ति अभियान चलाया जाए। यदि समय रहते इस गंभीर समस्या पर रोक नहीं लगी, तो जगन्नाथपुर का सामाजिक वातावरण और अधिक बिगड़ सकता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर गांव में कानून व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

### हिड़मा विवाद पर ...

महेंद्र कर्मा और विद्याचरण शुक्ल ने नक्सल हिंसा का दंश झेला था। ऐसे में यदि कांग्रेस के जनप्रतिनिधि नक्सली हिड़मा के समर्थन में बयान देते हैं, तो यह उन नेताओं के बलिदान का भी अपमान है। भाजपा प्रवक्ता ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज से सवाल किया कि क्या वे हिड़मा के समर्थन का आरोप झेल रहे विधायक अटल श्रीवास्तव से स्पष्टीकरण मांगेंगे और उनके खिलाफ कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस इस मामले में कोई कदम नहीं उठाती है, तो जनता के बीच यह संदेश जाएगा कि पार्टी ऐसे बयानों का समर्थन करती है। भाजपा ने इस पूरे मामले में कांग्रेस से अपना रुख स्पष्ट करने की मांग की है।

**योजना**

# 'मोर गांव-मोर पानी' अभियान से बालोद में जल संरक्षण को मिली नई गति

**2.85 लाख जल संरक्षण संरचनाएं निर्मित, 19.23 लाख घनमीटर अतिरिक्त जल संचयन क्षमता विकसित**







हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व एवं उप मुख्यमंत्री तथा पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में विकसित भारत–गारंटी फॉर रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के अंतर्गत संचालित 'मोर गांव–मोर पानी' महाअभियान प्रदेशभर में जल संरक्षण को जनआंदोलन का स्वरूप दे रहा है। अभियान के माध्यम से रोजगार सृजन के साथ–साथ जल संरक्षण, भू–जल संवर्धन, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन एवं हरित विकास के कार्योंर् को व्यापक गति मिली है।



बालोद जिले में जिला प्रशासन द्वारा ग्राम पंचायतों, शासकीय कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों, स्व–सहायता समूहों तथा सामाजिक संगठनों की सक्रिय सहभागिता से जल संरक्षण के विविध कार्य किए जा रहे हैं। अभियान का उद्देश्य "जहाँ वर्षा हो, जब वर्षा हो– वहीं वर्षा जल का संचयन हो" की अवधारणा को व्यवहार में उतारना है। अभियान के अंतर्गत प्रत्येक शासकीय भवन में रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग तथा सतही वर्षा जल संचयन के लिए रिचार्ज शाफ्ट, डबरी, तालाब एवं ट्रेंच का निर्माण किया गया है। साथ ही हैंडपंपों एवं प्रधानमंत्री आवासों में सोख्ता गड्ढों तथा वर्षा जल संचयन प्रणालियों की स्थापना को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। भू–जल संवर्धन के लिए रिचार्ज पिट, इंजेक्शन वेल, निक्रिय बोरवेलों का रिचार्ज, तालाबों का जीर्णोद्धार एवं गहरीकरण, चेकडैम, वाटर एब्जॉबिंर्ग ट्रेंच सहित विभिन्न जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण एवं पुनर्जीवन किया गया है।

जिले में वीबीजी–रामजी मनरेगा, वन विभाग, जिला खनिज न्यास, विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं तथा जनभागीदारी के माध्यम से अब तक 2.85 लाख जल संरक्षण संरचनाओं का निर्माण किया जा चुका है, जिनसे लगभग 19.23 लाख घनमीटर अतिरिक्त जल संचयन क्षमता विकसित हुई है। इससे भू–जल स्तर में वृद्धि, भूमि की नमी का संरक्षण, खरीफ एवं रबी दोनों फसलों के लिए सिंचाई सुविधा में सुधार तथा किसानों की आय बढ़ाने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी। अभियान की सफलता का सबसे महत्वपूर्ण आधार जनभागीदारी है। जनप्रतिनिधियों, महिला स्व–सहायता समूहों, ग्राम विकास समितियों, महिला कमांडो, ग्रीन आर्मी तथा स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी से तालाबों एवं जलाशयों की स्वच्छता, घर–घर जल संरक्षण संरचनाओं के निर्माण के प्रति जनजागरूकता तथा व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण एवं सीड बॉल अभियान संचालित किया जा रहा है। जुलाई माह में अब तक 03 लाख से अधिक सीड बॉल का रोपण किया जा चुका है, 02 लाख पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



राज्य शासन द्वारा वीबीजी–रामजी योजना के माध्यम से प्रदेश के सभी जिलों में जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन, हरित विकास एवं ग्रामीण आजीविका संवर्धन के कार्योंर् को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जा रहा है। 'जल संरक्षण, जन सहभागिता से जल समृद्धि की ओर' की भावना के साथ जिला प्रशासन बालोद जल–सुरक्षित, हरित एवं समृद्ध ग्रामीण विकास के लक्ष्य की दिशा में सतत कार्य कर रहा है।

उल्लेखनीय है जनपद पंचायत गुरूर के ग्राम पंचायत अर्जुनी में 1200 नग ट्रेंच निर्माण, ग्राम पंचायत कुलिया में 01 हेक्टेयर क्षेत्र में मिश्रित फलोदयन रोपण तथा ग्राम पंचायत चंदनबिरही में गौठान के पास सी.सी. चेकडेम का निर्माण किया गया है। इसी तरह जनपद पंचायत गुंडरदेही के ग्राम पंचायत कोंगनी में 27,000 लीटर क्षमता का रिचार्ज पिट, बेलौदी में 6750 लीटर जलग्रहण क्षमता वाला रेनवाटर हार्वेस्टिंग, तवेरा में 2.82 लाख लीटर क्षमता का कुआं निर्माण, गब्दी में 05 केएलडी क्षमता का ग्रे–वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, चिरचार में 05 लीटर क्षमता का रेनवाटर हार्वेस्टिंग, खुरसुनी में 25,000 लीटर क्षमता का मैजिकपिट, मुंदेरा में 30 हजार लीटर क्षमता का असफल बोर रिचार्ज शाफ्ट, माहुद (बी) में 16 लाख लीटर क्षमता की आजीविका डबरी तथा ओडारसकरी में चेकडेम का निर्माण कार्य पूर्ण किया गया है। साथ ही ग्राम पंचायत खुरसुनी में 25,000 लीटर क्षमता का रिचार्ज पिट भी निर्मित है। जनपद पंचायत डौंडी के ग्राम सिंघनवाही में 12 लाख लीटर क्षमता की निजी आजीविका डबरी का निर्माण एवं ग्राम गुजरा में 35 लाख लीटर क्षमता के जल संचयन हेतु 4700 ट्रेंच निर्माण किया गया है। जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के ग्राम चे.ब. नवागांव में सीड बॉल रोपण किया गया है।

## जपं सीईओ उमेश रात्रे और पंकज देव को जिला प्रशासन ने दी विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जनपद पंचायत गुरूर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव के स्थानांतरण होने पर जिला प्रशासन द्वारा विदाई दी गई।

संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित संक्षिप्त कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील चंद्रवंशी, अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक एवं अजय किशोर लकरा सहित अधिकारियों ने इन दोनों अधिकारियों के बेहतरीन कार्योंर् की सराहना करते हुए उन्हें नई जिम्मेदारियों के लिए शुभकामनाएं दी हैं। इस अवसर पर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने कहा कि इन दोनों अधिकारियों ने शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित कर नई पहचान दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि हमारे ये दोनों अधिकारी अपने नए कार्य क्षेत्र में भी अपने बेहतरीन कार्य के बदौलत अपने कार्य कुशलता का अमिट छाप छोड़ेंगे। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील कुमार चंद्रवंशी ने शासन के महत्वपूर्ण योजनाओं के क्रियान्वयन में इन दोनों अधिकारियों की भूमिका की सराहना करते हुए रात्रे एवं पंकज देव को कार्य के प्रति समर्पित एवं निष्ठावान बताया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक ने इन दोनों अधिकारियों के कार्योंर् एवं व्यवहार की सराहना करते हुए शासकीय योजनाओं का सफल क्रियान्वयन सुनिश्चित करते हुए बालोद जिले के पहचान दिलाने में इनकी भूमिका का भी उल्लेख किया। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमेश रात्रे का स्थानांतरण मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर शक्ति जिले के जनपद पंचायत डभरा एवं जनपद पंचायत डौण्डीलोहारा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पंकज देव का बलौदाबाजार–भाटापारा जिले के जनपद पंचायत पलारी में मुख्य कार्यपालन अधिकारी के पद पर हुआ है।

## एसएलआरएम सेंटर की महिला दीदियों को मिले सुरक्षा उपकरण

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई ने सफाई व्यवस्था से जुड़ी महिला स्वच्छता कर्मियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए जोन-4 खुर्सीपार के वार्ड क्रमांक-42 स्थित गौतम नगर एसएलआरएम सेंटर में कार्यरत महिला दीदियों को सुरक्षा उपकरण वितरित किए। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर आयोजित कार्यक्रम में जोन आयुक्त येशा लहरे ने महिला कर्मियों को अपने हाथों से सुरक्षा उपकरण प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्य के दौरान सुरक्षा उपकरणों का नियमित उपयोग करने से दुर्घटनाओं और संक्रमण के खतरे को काफी हद तक कम किया जा सकता है।

## गोठान व्यवस्था पर आप ने सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ किसानों और आवारा मवेशियों के मुद्दे पर घेरा

आम आदमी पार्टी ने गोठान व्यवस्था को लेकर राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला है। पार्टी का आरोप है कि गोठान योजना अब अपने मूल उद्देश्य से भटक चुकी है। इसका असर किसानों, आम नागरिकों और बेसहारा पशुओं पर साफ दिखाई दे रहा है। आप पार्टी ने सरकार से तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए आंदोलन की चेतावनी भी दी है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने कहा कि गोठान योजना का उद्देश्य आवारा मवेशियों को सुरक्षित आश्रय देना, किसानों की फसलों की रक्षा करना और गोबर खरीदी के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करना थाए लेकिन वर्तमान में दुर्ग जिले के कई गोठानों की स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। पार्टी नेताओं का दावा है कि कई गोठानों में पशुओं के लिए चारा, पानी और देखभाल की पर्याप्त व्यवस्था नहीं है।



इसके चलते बड़ी संख्या में मवेशी राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों के साथ ग्रामीण सड़कों पर खुले घूम रहे हैं। इससे सड़क दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ रहा है और खरीफ सीजन में किसानों की फसलें भी प्रभावित हो रही हैं। पार्टी का कहना है कि कई किसान रातभर खेतों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

### दुर्ग में भाजपा ओबीसी मोर्चा की संभाग स्तरीय बैठक

## रील नहीं, जमीनी स्तर पर रियल कार्य करने वाला संगठन है ओबीसी मोर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा की महत्वपूर्ण संभाग स्तरीय बैठक भाजपा जिला कार्यालय दुर्ग में आयोजित हुई। बैठक में आगामी संभाग स्तरीय सम्मेलन की तिथि, स्थान, व्यवस्थाओं और संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर विस्तृत चर्चा करते हुए रणनीति तैयार की गई।

बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष निर्मला यादव, प्रदेश मंत्री विरेंद्र सोनी, संभाग प्रभारी राजेंद्र जायसवाल और होरीलाल सिन्हा, सह प्रभारी तुलसी साहू, प्रदेश कोषाध्यक्ष विजय जायसवाल उपस्थित थे। अध्यक्षता जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने की। बैठक प्रारंभ होने से पंडवानी गायिका स्वर्गीय डॉ. तीजन बाई को श्रद्धांजलि अर्पित कर उनके योगदान का स्मरण किया गया।भाजपा जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि ओबीसी मोर्चा सोशल मीडिया की रील नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर रियल कार्य करने वाला संगठन है। यही कारण है कि संगठन के कार्यकर्ताओं की मेहनत का परिणाम समय-समय पर चुनावों में ईवीएम के माध्यम से स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। उन्होंने बताया कि संगठन के सभी मंडलों में डिजिटल लर्निंग प्लेटफॉर्म प्रशिक्षण का कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हो चुका है तथा प्रत्येक मंडल ने न्यूनतम 25 कार्यकर्ताओं की सहभागिता का लक्ष्य भी पूर्ण किया है। प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग मोर्चा आज प्रदेश का सबसे बड़ा और सशक्त संगठनात्मक मोर्चा बनकर उभरा है। छत्तीसगढ़ के 479 मंडलों में ओबीसी मोर्चा की मजबूत टीम सक्रिय है तथा महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के समन्वय से संगठन निरंतर विस्तार कर रहा है। उन्होंने बताया कि दुर्ग संभाग के अंतर्गत 104 मंडल आते हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का ♦ State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा ♦ वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP ♦ Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए ♦ प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था ♦ 24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत (MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद) मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग • मानसिक रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मूत्र संबंधी रोग
• मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग • किडनी संबंधी रोग
• पेट संबंधी विकार • थायराइड मांसपेशी का रोग
• अस्थमा • मोटापा • मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मैटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
• गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
• एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
• सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
• बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
• आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
• TPA की सुविधा
माँ और शिशु का विश्वास
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढ़ियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढ़ियारी, रायपुर

BHASKAR EYE CARE
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# डौण्डी मंडल भाजपा की बैठक में संगठन विस्तार व बूथ सशक्तीकरण पर हुआ मंथन

## चंदूलाल साहू ने कार्यकर्ताओं से संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का किया आह्वान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डी

भारतीय जनता पार्टी मंडल डौण्डी की बैठक मंगलवार को नगर पंचायत डौण्डी के सांस्कृतिक भवन में आयोजित हुई। बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य भंडार गृह निगम के अध्यक्ष, पूर्व सांसद एवं डौण्डीलोहारा विधानसभा प्रभारी चंदूलाल साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, सदस्यता अभियान एवं आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मुख्य अतिथि चंदूलाल साहू ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की सक्रियता पर निर्भर करती है।



### योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया

बैठक में सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, संगठन विस्तार तथा विभिन्न संगठनात्मक विषयों पर विस्तृत मंथन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा भाजपा की नीतियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया। बैठक में जिला महामंत्री सौरभ लूनिया, जिला मंत्री सोमेश सोरी, जिला सह-कोषाध्यक्ष मनीष झा, मंडल उपाध्यक्ष राजेंद्र नाहर, मंडल महामंत्री हिंसाराम साहू एवं महावीर ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता छगन यदु, जनपद पंचायत डौण्डी के अध्यक्ष मुकेश, नगर पंचायत अध्यक्ष मोहंती चौरका, उपाध्यक्ष संजीव मानकर, जनभागीदारी समिति महाविद्यालय डौण्डी के अध्यक्ष अजय चौहान, छत्तीसगढ़ प्रदेश सांस्कृतिक प्रकोष्ठ कार्यसमिति सदस्य रामनारायण धनकर सहित मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के अध्यक्ष एवं महामंत्री, शक्ति केंद्रों के प्रभारी, जनप्रतिनिधि, पार्षद, बूथ अध्यक्ष तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से भारतीय जनता पार्टी की रीति-नीति एवं विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने तथा बूथ स्तर तक संगठन को और अधिक मजबूत बनाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी संगठनात्मक एवं जनहित कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए मार्गदर्शन दिया। मंडल अध्यक्ष रुपेश नायक ने मंडल की संगठनात्मक गतिविधियों, बूथों की स्थिति, संगठन विस्तार तथा आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों की जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से समन्वय और सक्रियता के साथ कार्य करने का आग्रह किया। वहीं जिला पदाधिकारियों ने भी संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर चर्चा की।

## खबर संक्षेप



### श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा में चंद्रदर्शन महाआरती आज

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर गंजपारा बालोद में 15 जुलाई बुधवार आषाढ़ शुक्ल पक्ष–1 को चंद्रदर्शन महाआरती संध्या 7:30 बजे रखी गई है। श्री रामदेव बाबा धर्मार्थ सेवा समिति बालोद व मंदिर आयोजन समिति के बाबूलाल जैन ने महाआरती में सभी भक्तों से उपस्थित होने की अपील की है।

### कमलकांत साहू बने भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष



**बालोद।** कमलकांत साहू को बीजेपी एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के यशस्वी प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं मुख्यालय प्रभारी डॉ. नवीन मार्कंडेय, यशवंत जैन एवं प्रदेश संयोजक एनजीओ प्रकोष्ठ दिनेश सिंह की अनुशंसा से प्रदेश कोषाध्यक्ष, एनजीओ प्रकोष्ठ का दायित्व प्रदान किया गया है।

### बुलेट चालक का कटा पांच हजार का चालान

**भिलाई।** वाहन का मोडिफाई करने वाले बुलेट चालक पर ट्रैफिक पुलिस ने 5 हजार रुपए का चालान किया है। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुद्वारा चौक के पास वाहन चेकिंग चल रहा था। इस दौरान सीजी 7 बीडी 8498 के चालक ने अवैध रूप से मॉडिफाइड साइलेंसर लगा पाया गया। वाहन से तेज आवाज के साथ चिंगारी भी निकल रही थी। जिससे अन्य वाहन चालकों एवं राहगीरों की सुरक्षा प्रभावित होने की संभावना थी। ट्रैफिक पुलिस द्वारा वाहन चालक के तहत जुर्म दर्ज कर 5,000 का चालान किया गया। मौके पर ही मॉडिफाइड साइलेंसर हटवाकर वाहन को निर्धारित मानकों के अनुरूप किया। ट्रैफिक पुलिस दुर्ग आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से अपील करती है कि वे अपने वाहनों में अवैध मॉडिफिकेशन न कराएं, निर्धारित मानकों के अनुरूप साइलेंसर, अन्य उपकरणों का ही उपयोग करें।

### स्कूल से 70 हजार की चोरी, अपराध दर्ज

**भिलाई।** स्कूल के एकाउंट आफिस का ताला तोड़कर रकम पार करने का मामला सामने आया है। पुलगांव पुलिस ने बताया कि केपीएस स्कूल पुलगांव में एकाउंट आफिस का ताला टूटा मिला। चेक करने पर आफिस से नगदी 70 हजार समेत कई दस्तावेज गायब मिले। अज्ञात चोर बाउंड्रीवाल फांदकर चोरी करना बताया गया। घटना 12-13 जुलाई की मध्य रात की है। अज्ञात चोर दो कमरों का ताला तोड़ कर आलमारी का लॉकर तक पहुंचे थे। घटना की शिकायत स्कूल के एकाउंटेन आलोककांत बख्शी ने किया है।

## सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों की सुरक्षा और सम्मान को लेकर नगर पालिका की विशेष पहल

# दल्लीराजहरा में 'नमस्ते दिवस' पर सफाई कर्मियों का सम्मान स्वास्थ्य परीक्षण और सुरक्षा उपकरणों का वितरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा में नमस्ते दिवस के अवसर पर सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कार्य में लगे कर्मचारियों के स्वास्थ्य, सुरक्षा और सम्मान को केंद्र में रखकर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष तोरण लाल साहू की उपस्थिति तथा मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी के निर्देशन में मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से सभी सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। इसके साथ ही उन्हें सुरक्षा उपकरण भी वितरित किए गए, जिससे जोखिमपूर्ण कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के सहयोग से जुलाई 2023 में राष्ट्रीय यंत्रीकृत स्वच्छता पारिस्थितिकी तंत्र (नमस्ते) योजना की शुरुआत की गई थी। इस योजना के अंतर्गत सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों के साथ-साथ ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और पूर्व स्वरोजगार योजना से जुड़े सफाई कर्मियों को भी शामिल किया गया है। योजना का प्रमुख उद्देश्य सफाई कर्मियों की गरिमा, सुरक्षा और कार्यस्थल पर शून्य मृत्यु दर सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद दल्लीराजहरा के 16 सीवर एवं सेप्टिक टैंक सफाई कर्मियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कर्मियों की नियमित जांच कर उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक परामर्श भी दिया गया, ताकि वे सुरक्षित वातावरण में बेहतर ढंग से अपनी सेवाएं दे सकें।





कार्यक्रम में पार्षद भूपेंद्र श्रीवास, स्वास्थ्य अधिकारी राम गोपाल चंद्राकर, प्रभारी लेखपाल सुनील तारम, स्टोर प्रभारी पंकज चंद्राकर, जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन विक्रांत कुमार साहू, मोबाइल मेडिकल यूनिट प्रभारी अंकित दिल्लीवार एवं उनकी टीम, सफाई विभाग सहायक सुनील साहू, जीतू साहू, स्वच्छता दीदी मंजू कोसरे, संतरी निर्मलकर, कंचन निर्मलकर सहित नगर पालिका के सफाई कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नमस्ते दिवस के इस आयोजन ने यह संदेश दिया कि शहर की स्वच्छता की जिम्मेदारी निभाने वाले सफाई कर्मियों की सुरक्षा, स्वास्थ्य और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है। आधुनिक सुरक्षा उपकरणों और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण के माध्यम से उनके कार्यस्थल को अधिक सुरक्षित और सम्मानजनक बनाने की दिशा में यह पहल महत्वपूर्ण साबित हो रही है।

# गुण्डरदेही नपं में एल्डरमेनों ने ली शपथ, 'नमस्ते दिवस' पर सफाई कर्मियों का हुआ सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

नगर पंचायत गुण्डरदेही में मंगलवार को एल्डरमेनों का शपथ ग्रहण समारोह एवं नमस्ते दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवनियुक्त एल्डरमेनों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई तथा नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों एवं मिशन क्लीन सिटी से जुड़ी दीदियों का सम्मान कर उनके स्वास्थ्य एवं सुरक्षा के प्रति विशेष संवेदनशीलता का परिचय दिया गया।

■ स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतिमा ठाकरे झा ने गिरजा यादव, गोकुल निषाद एवं चेतन सोनकर को एल्डरमेन पद की शपथ दिलाई। इसी अवसर पर नगर पंचायत द्वारा नमस्ते दिवस भी मनाया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत के सफाई कर्मचारियों एवं मिशन क्लीन सिटी की दीदियों का सम्मान किया गया। उनके स्वास्थ्य की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया, जिसमें चिकित्सकों द्वारा उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन, पार्षदगण एवं एल्डरमैनों द्वारा सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा की दृष्टि से टोपी, जूते एवं रेनकोट वितरित किए गए। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में सफाई कर्मचारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

उनका सम्मान करना तथा उन्हें आवश्यक सुरक्षा सामग्री उपलब्ध कराना नगर पंचायत की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख, वीरेंद्र साहू, राजेंद्र राय, कोमल सोनकर, नगर पंचायत उपाध्यक्ष विजय सोनकर, अश्वनी यादव, पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी शंकर यादव, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, सलीम खान, लता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्श, सेवक महिपाल, रोमलाल यादव सहित गणमान्य नागरिक एवं नगर पंचायत के अधिकारी–कर्मचारी उपस्थित थे।

## कुसुमकसा में जल्द लगेगा जिला सहकारी बैंक का एटीएमः प्रीतपाल बेलचंदन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुसुमकसा

जिला सहकारी समिति के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने कुसुमकसा में जिला सहकारी बैंक का एटीएम स्थापित करने की घोषणा करते हुए यहां जिला सहकारी बैंक की पूर्ण शाखा खोलने का प्रस्ताव भी उच्च स्तर पर भेजने का आश्वासन दिया। कुसुमकसा क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों एवं भाजपा पदाधिकारियों के प्रतिनिधिमंडल ने अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन से सौजन्य भेंट कर क्षेत्र में बैंकिंग सुविधाओं के विस्तार की मांग रखी। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि कुसुमकसा सहित आसपास के अनेक गांवों के किसानों, महिलाओं, विद्यार्थियों, कर्मचारियों, व्यापारियों तथा आम नागरिकों को बैंकिंग कार्यों के लिए दूरस्थ क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों की अनावश्यक हानि होती है। प्रतिनिधिमंडल की मांग को गंभीरता से लेते हुए बेलचंदन ने कुसुमकसा में शीघ्र एटीएम स्थापित करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक बैंकिंग सुविधाओं का विस्तार समय की आवश्यकता है तथा बैंक शाखा खोलने का प्रस्ताव भी संबंधित उच्च अधिकारियों को भेजा जाएगा, ताकि क्षेत्रवासियों को सभी बैंकिंग सेवाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध हो सकें। इस महत्वपूर्ण मांग को पूरा कराने में भाजपा जिला उपाध्यक्ष सोमेश साहू के विशेष प्रयास तथा संजय बैस द्वारा लगातार उठाई गई मांग की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष योगेंद्र सिन्हा, संतोष जैन, पुष्पजीत बैस, टिकेंद्र साहू सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता भी उपस्थित थे।

## भंवरमरा स्कूल में छात्र संघ पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

**डौंडीलोहारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भंवरमरा में गुरुवार को छात्र संगठन के चुनाव उपरांत शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित छात्र संघ पदाधिकारियों को संस्था प्रमुख नेम सिंह ठाकुर ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई तथा उनके दायित्वों से अवगत कराया। चुनाव में सुमन कुमार (कक्षा 12वीं, बायोलॉजी) शाला नायक, कुमारी पायल (कक्षा 10वीं) उप शाला नायक, कुमारी काजल सिन्हा साहित्य एवं सांस्कृतिक सचिव, रोशन कुमार क्रीड़ा सचिव, डिगेंद्र कुमार अनुशासन सचिव, कुमारी रंजना बागवानी सचिव, कुणाल सिन्हा (कक्षा 11वीं, वाणिज्य) स्वच्छता सचिव तथा कुमारी योगिता (कक्षा 12वीं, बायोलॉजी) छात्रा प्रतिनिधि निर्वाचित हुए। शपथ ग्रहण से पूर्व नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर संस्था प्रमुख ठाकुर ने कहा कि छात्र संगठन विद्यालय और विद्यार्थियों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी होता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से अनुशासन, सेवा भावना और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने का आह्वान किया। समारोह में विद्यालय के समस्त व्याख्याता एवं स्टाफ उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी वरिष्ठ व्याख्याता राधेश्याम साहू ने दी।



## 94 वर्षीय पूर्व छात्र का स्कूल से अटूट रिश्ता, सुरपा स्कूल में बच्चों को बांटे 325 छाते और रेनकोट





हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

शासकीय प्राथमिक शाला सुरपा में 1943 में चौथी कक्षा तक पढ़े 94 वर्षीय एमडी नागरिया का स्कूल प्रेम

■ 1943 में इसी स्कूल में पढ़े थे एमडी नागरिया, एक दशक से अधिक समय से निभा रहे शिक्षा और सेवा का अनूठा संकल्प

पूर्व छात्रों के लिए प्रेरणादाई बनकर इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है।

उल्लेखनीय है एक दशक से अधिक समय से एमडी नागरिया स्वयं प्रति वर्ष सुरपा पहुंचकर विधार्थियो शिक्षाकर्मियों को उपहार भेंट करने का सिलसिला प्रारंभ किए, जो आज भी उम्र दराज होने के कारण अनवरत उनके बेटा, बहु, पोता निभा रहे है। मंगलवार को कक्षा पहली से 10वी तक बच्चो सहित स्टाफ एवं कर्मियों को 325 छाता, रेनकोट वितरण किया गया। इस अवसर शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन, सरपंच चंद्रहास साहू, देवानंद देवांगन, लोकेश्वर निर्मलकर, हरियर यादव, चुन्नी देवांगन, किशोर यादव, भागवत साहू, विवेक नारंग, उपसरपंच तेजराम देवांगन, संजू डहरे, किशोर सेन सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।



शाला विकास समिति अध्यक्ष प्रमोद जैन ने कहा कि नागरिया परिवार ने संस्कार की अद्भुत मिशाल पेश कर समाज को प्रेरणा दिए है, खुशियां बाजार में खरीदने की चीज नहीं है। दूसरों के लिए कुछ कर गुजरने की तम्मना से खुशियों की बारिश होती है। नागरिया परिवार का प्रतिवर्ष उपहार देना यही संदेश दे रही है।

### अवैध शराब तस्करी और बेचने वाले 14 गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब की अवैध तस्करी और बेचने वाले 14 आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।एएसपी मणीशंकर चंद्रा ने बताया कि उतई, नंदिनी नगर, सुपेला, पुलगांव, जामुल, पुरानी भिलाई क्षेत्र में कुल 13 पृथक-पृथक स्थानों पर सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर 14 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने रानीतराई उतई निवासी हेमन्त निर्मलकर, अभनपुर करन टण्डन, बोरहाडीह पुरेन ठाकुर, डिलेश पारधी,अमर नेताम, आकाश सिसोदिया,नीलकंठ पारधी को गिरफ्तार किया है।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

# डौंडीलोहारा की पांच ग्राम पंचायतों को मिली नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

विकासखण्ड डौंडीलोहारा क्षेत्र की पांच ग्राम पंचायतों को बड़ी सौगात मिली, जिसके तहत पांच नए उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण हेतु 1.42 करोड़ से अधिक की राशि स्वीकृति की गई है।

भारतीय जनता पार्टी, जिला बालोद मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया ने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं को सु–ढ़ बनाने 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में स्वास्थ्य क्षेत्र अनुदान के तहत उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस स्वीकृति के अंतर्गत विकासखंड डौंडीलोहारा की पांच ग्राम पंचायतों में नवीन उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों का निर्माण किया जाएगा। स्वीकृति कार्यों के अनुसार प्रत्येक उप स्वास्थ्य केंद्र के लिए 28.51 लाख रुपये की राशि स्वीकृति की गई है। इसमें उप स्वास्थ्य केंद्र मनकी (सा.) 28.51 लाख, उप स्वास्थ्य केंद्र पीनकापार 28.51 लाख, उप स्वास्थ्य केंद्र हड़गहन 28.51 लाख, उप स्वास्थ्य केंद्र गहिरा नवागांव 28.51 लाख, उप स्वास्थ्य केंद्र देवरी 28.51 लाख इन सभी कार्यों का क्रियान्वयन संबंधित ग्राम पंचायतों द्वारा नवीन भवन निर्माण के रूप में किया जाएगा।उल्लेखनीय है कि इन गांवों के ग्रामीण लंबे समय से उप स्वास्थ्य केंद्रों की मांग कर रहे थे। स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में लोगों को उपचार के लिए दूरस्थ अस्पतालों तक जाना पड़ता था, जिससे समय और आर्थिक संसाधनों दोनों की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लेते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने उप स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण हेतु राशि स्वीकृत कर ग्रामीण क्षेत्र को बड़ी सौगात दी है। नवीन स्वास्थ्य केंद्र भवनों के निर्माण से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। साथ ही उपचार के लिए दूरस्थ अस्पतालों पर निर्भरता कम होगी और मातृ–शिशु स्वास्थ्य सहित सामान्य स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा।

■ 15वें वित्त आयोग से 1.42 करोड़ रुपये से अधिक की स्वीकृति, ग्रामीणों को स्थानीय स्तर पर मिलेगी बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर प्रमुख रूप से टिनेश्वर बघेल, शकुंतला बघेल, संतराम साहू, मुकेश सेन, महर सिंह ठाकुर, राधेश्याम देवांगन, विवेक वैष्णव, सुरेश साहू, मुन्ना सिन्हा, अशोक परसाई, डोमेन्द्र मंडावी, मिथिलेश शर्मा, पवन श्रीवास, पुरुषोत्तम देवांगन, मदन श्रीवास, कुंती साहू, काशी गिरी गोस्वामी, गिरधारी देवांगन, इंदू भुआर्य, डिलेश्वर मुंडा, दिलीप मारकंडे, नरेश सोनी, तरण रजक, रउज भुआर्य, अशोक देवांगन सहित पांचों ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित रहे एवं हर्श व्यक्त की।

